क्रमांक-2

# मध्यप्रदेश विधान सभा

## संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

**मंगलवार, दिनांक 22 फरवरी, 2011 (फाल्गुन 3, 1932)**

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.32 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

### निधन का उल्लेख

अध्यक्ष महोदय द्वारा श्री रत्नेश सॉलोमन, सदस्य विधान सभा, श्री के.करूणाकरण, केरल के भूतपूर्व मुख्यमंत्री, श्री बलिराम भगत, लोक सभा के भूतपूर्व अध्यक्ष, श्री एस.बी.पी.बी.के सत्यनारायण राव, भूतपूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री, श्री प्यारेलाल कंवर, भूतपूर्व उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश विधान सभा तथा सर्वश्री चौहान सिंह चौहान, प्यारेलाल बेलचन्दन, भागचन्द सौगानी, धर्म स्वरूप सक्सेना एवं बृजेन्द्र पाठक, भूतपूर्व सदस्यगण विधान सभा तथा श्री भीमसेन जोशी, सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायक के निधन पर शोकोद्गार व्यक्त किये गये.

श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री, चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी, प्रभारी नेता प्रतिपक्ष, सर्वश्री रामलखन सिंह, लक्ष्मण तिवारी, पारस सकलेचा एवं श्रीमती मीरा यादव, सदस्यगण ने भी शोकोद्गार व्यक्त किये.

सदन द्वारा दो मिनिट मौन खड़े रहकर, दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतप्तजन के प्रति संवेदना प्रकट की गई.

पूर्वाह्न 11.10 बजे दिवंगतों के सम्मान में विधान सभा की कार्यवाही बुधवार, दिनांक 23 फरवरी, 2011 (फाल्गुन 4, 1932) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

**डॉ. ए.के.पयासी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**

**भोपाल :**
**दिनांक : 22 फरवरी, 2011**